हेमवती नन्दन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय
Hemvati Nandan Bahuguna Garhwal University
श्रीनगर गढ़वाल (उत्तराखण्ड)–246174
Srinagar Garhwal (Uttarakhand) - 246174
(केन्द्रीय विश्वविद्यालय)
(A Central University)

पत्रांक: हे.न.ब.ग.वि.वि./रा.भा./2025/186 दिनांक: 11.09.2025

## कार्यालय ज्ञापन

**विषय:- हेमवती नन्दन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय (केंद्रीय विश्वविद्यालय) श्रीनगर गढ़वाल में दिनांक 14 से 30 सितंबर 2025 के दौरान हिंदी पखवाड़ा कार्यक्रम में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन।**

राजभाषा विभाग द्वारा हिंदी के प्रयोग को बढावा देने के उद्देश्य से समय-समय पर जारी आदेशों के अनुसरण में तथा केंद्र सरकार के कार्यालयों में राजभाषा नीति के कार्यान्वयन के लिए सरकारी कामकाज में हिंदी के प्रति जागरुकता तथा इसके उत्तरोत्तर प्रयोग में गति लाने के उद्देश्य से माननीय कुलपति महोदय, हेमवती नन्दन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय (केंद्रीय विश्वविद्यालय) श्रीनगर गढ़वाल का अनुमोदन प्राप्त कर दिनांक 14 से 30 सितंबर 2025 तक हिंदी पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। इस अवधि के दौरान संस्थान के अधिकारियों/कर्मचारियों, के लिए विभिन्न प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। सफल प्रतियोगियों को नकद पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किये जायेंगे। हिंदी पखवाड़ा का कार्यक्रम और पुरस्कार की राशि तथा अन्य आवश्यक सूचनाएं निम्नलिखित है:-

| क्र. सं. | दिनांक/समय/स्थान | प्रतियोगिता | पुरस्कारों की श्रेणी | प्रतिभागिता |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 14.09.2025 | हिंदी दिवस के अवसर पर माननीय गृह मंत्री / शिक्षा मंत्री भारत सरकार का संदेश पाठन एवं 'हिंदी में हस्ताक्षर अभियान' चलाया जाएगा। साथ ही मंत्रालय के निर्देशानुसार गांधीनगर में प्रायोजित पांचवें अखिल राजभाषा सम्मेलन में समन्वयक (राजभाषा) एवं अनुवादक द्वारा प्रतिभाग सुनिश्चित है। | ........... | ऑनलाइन के माध्यम से (लिंक ईमेल के माध्यम से प्रेषित किया जायेगा) |
| 2. | 16.09.2025 (मंगलवार) अपराह्न 3:00 से 4:00 बजे तक (बिड़ला परिसर) | 'नई शिक्षा नीति 2020' या 'विश्व पटल में हिंदी की भूमिका' विषय पर हिंदी निबंध | प्रथम/द्वितीय/तृतीय प्रोत्साहन पुरस्कार | विश्वविद्यालय के समस्त अधिकारीगण,स्टाफ सदस्य एवं छात्र-छात्राएँ भाग ले सकते है। |
| 3. | 18.09.2025 (बृहस्पतिवार) अपराह्न 3:00 से 4:00 बजे तक (बिड़ला परिसर) | हिंदी टिप्पण व आलेखन प्रतियोगिता | प्रथम/द्वितीय/तृतीय प्रोत्साहन पुरस्कार | विश्वविद्यालय के समस्त अधिकारीगण व स्टाफ सदस्य भाग ले सकते है। |
| 4. | 22.09.2025 (सोमवार) अपराह्न 3:00 से 4:00 बजे तक (बिड़ला परिसर) | राजभाषा सामान्य ज्ञान एवं अंग्रेजी/ हिंदी शब्दावली का अनुवाद प्रतियोगिता | प्रथम/द्वितीय/तृतीय प्रोत्साहन पुरस्कार | विश्वविद्यालय के समस्त अधिकारीगण व स्टाफ सदस्य भाग ले सकते है। |
| 5. | 24.09.2025 (बुधवार) अपराह्न 3:00 से 4:00 बजे तक (बिड़ला परिसर) | हिंदी श्रुतलेख प्रतियोगिता व सुलेख प्रतियोगिता | प्रथम/द्वितीय/तृतीय प्रोत्साहन पुरस्कार | दैनिक वेतन से संबंधित स्टाफ सदस्य भाग ले सकते है। |
| 6. | 25.09.2025 (बृहस्पतिवार) | हिंदी तिमाही प्रगति रिपोर्ट प्रेषण एवं संसदीय राजभाषा समिति का संक्षिप्त परिचय – विषय पर कार्यशाला (ऑनलाइन) | .......... | विश्वविद्यालय के समस्त अधिकारीगण व स्टाफ सदस्य हेतु। |
| 7. | 30.09.2025 (मंगलवार) प्रातः11:00 बजे से ए.सी.एल हॉल (बिड़ला परिसर) | समापन समारोह 'एवं' पुरस्कार वितरण समारोह | .......... | विश्वविद्यालय के समस्त अधिकारीगण व स्टाफ सदस्य उपस्थित होकर कार्यक्रम का मनोरंजन लें और इसे सफल बनाए। |

**अन्य व्यवस्थाएं :**

1. प्रतियोगिता में नीचे वर्णित निर्धारित नकद पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र दी जाएगी।

(प्रथम पुरस्कार : प्रत्येक रु.1500/-,दूसरा पुरस्कार :रु.1000/-,तीसरा पुरस्कार रु. 750/- प्रोत्साहन हेतु रु.500/- होंगे)।

2.कार्यक्रम में प्रतिभाग हेतु प्रपत्र संलग्न है जिसे विभाग/अनुभाग के नियंत्रक अधिकारी द्वारा अग्रसारण कर राजभाषा प्रकोष्ठ को उपलब्ध करवाने का कष्ट करें ।

3. हिंदी पखवाड़ा आयोजन संबंधित समस्त कार्यक्रम की कार्य व्यवस्था एवं संचालन :

प्रो. गुड्डी बिष्ट, समन्वयक राजभाषा एवं श्री सूरज कुमार प्रसाद, हिंदी अनुवादक द्वारा किया जाएगा ।

**प्रतियोगिताओं के संबंध में अनुदेश :-**

पुरस्कारों के निर्णय हेतु एक निर्णायक मंडल होगा और उसका निर्णय अंतिम तथा बाध्यकारी होगा।

इसमें निम्नलिखित अधिकारी होंगेः- **प्रो. गुड्डी बिष्ट, समन्वयक राजभाषा एवं श्री सूरज कुमार प्रसाद, हिंदी अनुवादक ।**

सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से अनुरोध है कि वे अधिक से अधिक संख्या में प्रतियोगिताओं में भाग लें और हिंदी पखवाड़ा के मुख्य उद्देश्य को सफल बनाते हुए नकद पुरस्कारों का पूरा-पूरा लाभ उठाएं। प्रतियोगिता हेतु नामांकन प्रपत्र कार्यालय ज्ञापन के साथ संलग्न है। अतः इसे पूरित व भरकर राजभाषा प्रकोष्ठ में जमा करने का कष्ट करें, जिससे कि उपरोक्त प्रायोजित प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया जा सके।

**कुलसचिव**

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ :

1. समस्त विभागाध्यक्ष / संकायाध्यक्ष/ अधिष्ठाता छात्र कल्याण / परिसर निदेशक, चौरास/ मुख्य छात्रावास अधीक्षक / मुख्य नियंता / पुस्तकालयाध्क्ष को इस आशय के साथ प्रेषित कि उक्त सूचना को अपने अधीनस्थ समस्त विभागों / अनुभागों में प्रसारित करने का कष्ट करें ।
2. समस्त संयुक्त कुलसचिव/उपकुलसचिव/ सहायक कुलसचिव/अधिशासी अभियंता/सहायक अभियंता /समस्त अधिकारियों /कर्मचारियों के सूचनार्थ ।
3. प्रभारी, सिस्टम मैनेजर, विश्वविद्यालय वैबसाइट पर अपलोड करने हेतु ।
4. सहायक कुलसचिव, कुलपति सचिवालय, माननीय कुलपति महोदय के सादर सूचनार्थ ।
5. निजी सचिव, कुलसचिव/ वित्त अधिकारी/परीक्षा नियंत्रक ।
6. जनसंपर्क अधिकारी, को उपरोक्त प्रतियोगिता को अखबार व सूचना प्रसारण संबंधित कार्य निष्पादन हेतु ।
7. शिक्षणेत्तर कर्मचारी परिषद के समस्त सम्मानित पदाधिकारीगण कार्यक्रम आयोजन में सहयोग प्रदान करने व सूचनार्थ प्रेषित ।
8. सूचना पटल ।

**कुलसचिव**

# हेमवती नन्दन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय,श्रीनगर गढ़वाल

हिंदी पखवाड़ा दिनांक 14 सितंबर से 30 सितंबर, **2025** के दौरान आयोजित प्रतियोगिताओं में भाग लेने हेतु प्रपत्र ।

| क्र.सं. | अधिकारी/कर्मचारी का नाम व पदनाम | विभाग / अनुभाग | प्रतियोगिता का नाम व दिनांक |
|---|---|---|---|
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |

प्रतिभागी के हस्ताक्षर दिनांक सहित

विभागाध्यक्ष के हस्ताक्षर

समन्वयक (राजभाषा )